
Patrika (Indore), 02nd August 2016, Page – Patrika Plus

मछली की तरह स्ट्रक्चर के कारण हर दिशा में तैरेगा

# पानी में निगरानी के लिए आईआईटी ने बनाया रोबो

पत्रिका PLUS रिपोर्टर



**इंदौर** ● आईआईटी इंदौर के रिसर्चर्स की टीम ने एक बायोमटेरियल बेस्ड एक्वेटिक रोबो तैयार किया है। ये रोबो पानी के भीतर निगरानी करने में सक्षम है। गहरे पानी की सतह तक जाने के लिए इस रोबो का स्ट्रक्चर मछली की तरह रखा है।

आईआईटी के डॉ. आईए पिलानी और उनकी टीम स्मार्ट मटेरियल बेस्ड माइक्रो डिवाइसेस एंड रोबोटिक सिस्टम पर रिसर्च कर रही है। इसी टीम ने बायो मैटिक आकार का अंडर वाटर रोबो तैयार किया है। पीआरआईयूएस (प्रमोशन ऑफ रिसर्च फॉर अंडर ग्रेजुएट स्टूडेंट) स्कीम के इस प्रोजेक्ट से पानी के भीतर की निगरानी संभव हो सकेगी। मीडिया प्रभारी डॉ. निर्मला मेनन ने बताया, 'मैकट्रोनिक्स एंड इस्ट्रूमेंटेशन लैब में फ्लेक्सिबल एसएमए बायमार्फ पर रिसर्च चल रही है। एक और प्रोजेक्ट मिसाइल के फ्लैपर का है। डीआरडीओ (डिफेंस रिसर्च डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन) के सहयोग से बनाए जा रहे फ्लैप के मिसाइल छोड़ते समय नियंत्रण में आसानी होगी।